# प्रेस नोट
## थाना टहरौली झांसी

दिनांक 26.07.2026

- झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,
- अवैध असलहा व कारतूस सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार,
- गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय में किया गया पेश।

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना टहरौली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 26.07.2026 को परसा-बेरवई रोड से अभियुक्त सोम कबूतरा पुत्र कालीचरण, निवासी ग्राम जखनवारा, थाना एरच, जनपद झाँसी, उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध देशी बंदूक (12 बोर) एवं एक अदद जिंदा कारतूस (12 बोर) बरामद हुआ।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना टहरौली पर मु0अ0सं0 150/2026, धारा 3/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई। तत्पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### अभियुक्त का विवरण

सोम कबूतरा पुत्र कालीचरण, निवासी ग्राम जखनवारा, थाना एरच, जनपद झाँसी, उम्र करीब 23 वर्ष

### बरादमगी का विवरण

**1 अदद देशी असलहा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर**

### गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम

श्री सुमेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक- थाना टहरौली झांसी।
उ0नि0 रामगोपाल दांगी - थाना टहरौली झांसी।
रि0का0 अनिल - थाना टहरौली झांसी।
रि0का0 नकुल - थाना टहरौली झांसी।